**प्रेस नोट**
**दिनांक 02.07.2026**

**उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग द्वारा आयोजित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (UPTET) परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश-**

गोण्डा। आज दिनांक 02.07.2026 को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (UPTET) परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया, चेकिंग/फ्रिस्किंग व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता भी चेक की गई, जिससे परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए तथा अभ्यर्थियों की नियमानुसार सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए। महोदय द्वारा सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

परीक्षा दिनांक 02.07.2026 से 04.07.2026 तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से 05:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी एवं अधिकारीगण तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों के आसपास सतत निगरानी रखी जा रही है तथा भ्रमणशील पुलिस टीमें लगातार गश्त कर रहीं है, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न जा रहा है।

महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को भंग न कर सके। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधन के प्रयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संलिप्त पाए जाने पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 02.07.2026**

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी करने के 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद चोरी का मोबाईल बरामद-

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-617/2026, धारा 303(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त 01. आदिल पुत्र अनवर, 02. अरबाज पुत्र हनीफ को पठानपुरवा के पास थाना कोतावली नगर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद ओप्पो कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 01.07.2026 को सन्तराम पाण्डेय पुत्र भगौती प्रसाद पाण्डेय निवासी करमा पाठक थाना को0देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर लिखित तहरीर दी गयी कि वे अपने मुकदमे की पैरवी के लिए कचहरी गये थे उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी जेब से ओप्पो कम्पनी का मोबाइल फोन चारी कर लिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में सुसुंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसकी विवेचना उ0नि0 नितीन उपाध्याय द्वारा की जा रही थी।
आज दिनांक 02.07.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आरोपी अभियुक्त 01. आदिल पुत्र अनवर, 02. अरबाज पुत्र हनीफ को पठानपुरवा के पास थाना कोतावली नगर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद ओप्पो कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. आदिल पुत्र अनवर निवासी आसरा आवास ब्लाक न0 28, थाना कोतवाली-नगर, जनपद गोण्डा ।
02. अरबाज पुत्र हनीफ निवासी पन्तनगर सिविल लाईन थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-617/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएन0एस0 थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद ओप्पो कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 नितिन उपाध्याय
02. उ0नि0 राहुल प्रकाश
03. का0 देव कुमार

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 02.07.2026, जनपद गोण्डा।**

**पदोन्नति**
**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा निरीक्षक को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधो पर स्टार लगाकर बधाई दी गयी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गयी।**

आज दिनांक 02.07.2026 को जनपद गोण्डा के पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद के अपराध शाखा में नियुक्त पुलिस निरीक्षक श्री रणविजय सिंह के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी उन्हें पदोन्नति पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
महोदय द्वारा बताया गया कि पदोन्नति प्रत्येक अधिकारी के उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान है। यह केवल अधिकारों में वृद्धि नहीं, बल्कि दायित्वों और उत्तरदायित्वों में भी वृद्धि का प्रतीक है।

मीडिया सेल, गोण्डा।